Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to make a single window agency to provide all the NOCs to the textile industry in Meerut.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): माननीय सभापति जी, मेरठ, हैंडलूम के बहुत बड़े उत्पादन का केन्द्र है और वहां लगभग पांच लाख की आबादी इस सिंगल ट्रेड पर निर्भर करती है, चाहे बुनाई हो, चाहे ट्रेडिंग हो, चाहे रंगाई हो या चाहे प्रोसेसिंग इत्यादि हो । लेकिन वहां पर एक बड़ी कठिनाई यह हो रही है कि मेरठ के एनसीआर क्षेत्र के अन्दर आने की वजह से अनेक प्रकार की एनओसी वहां के उद्यमियों को लेनी पड़ती है । खासतौर से टैक्सटाइल्स की प्रोसेसिंग की जो मिले हैं, उनको रेड श्रेणी में रखा हुआ है । आपको जानकर आश्चर्य होगा कि उन्हें सात एनओसी लेनी पड़ती है, जो इस प्रकार है - प्रदेश का प्रदूषण विभाग, केन्द्र का प्रदूषण विभाग, भूजल विभाग, सीपीसीडी, चार्ट थर्ड पार्टी निरीक्षण, एयर पॉल्यूशन और एन.जी.टी. ।

माननीय सभापति जी, इसके परिणाम यह होता है कि काम रुक जाते हैं । कामों की गति सुचारू रूप से नहीं चल पाती है और जो भी अधिकारी हैं, उनको देखकर ऐसा लगता है कि वे तालमेल बैठाने के स्थान पर, इन कानूनों का पालन करवाने के स्थान पर, एक्सटॉर्शन में व्यस्त रहते हैं । मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि कोई एक सिंगल विंडो एजेंसी ऐसी बनाई जाए, जो इन उद्यमियों को, जो हैंडलूम सेक्टर से जुड़े हुए हैं, उनको सभी प्रकार की एनओसी मुहैया करवाए और उनका एक्सटॉर्शन ना हो । वे हमेशा सहयोग करने के लिए तैयार हैं । वे भी प्रदूषण के विषय पर गंभीर हैं । यदि इस प्रकार का प्रयास होगा तो प्रदूषण भी नहीं होगा और ये उद्यम भी आगे चल सकेंगे । आपने मुझे बोलने के लिए अवसर दिया, उसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद ।